## संपादकीय

# किसान की कसक

बौद्धिक संपदा के अंतर्राष्ट्रीय कानून का डर दिखाकर बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको ने गुजरात के आलू किसानों पर भारी-भरकम दावा ठोककर अदालत के चक्क र काटने पर मजबूर कर दिया है। किसानों में इससे बेचैनी है। तकरीबन 193 किसान नेताओं, नागरिक प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के एक समूह ने केंद्र व राज्य सरकार से किसानों के समर्थन में हस्तक्षेप करने और दावों को तुरंत वापस करवाने की मांग की है। हालांकि, गुजरात सरकार ने कहा है कि वह किसानों के साथ खड़ी है और कंपनी से कहेगी कि वह इन मुकदमों को वापस ले और इसकी पुनरावृत्ति न करे। दरअसल, कंपनी की तरफ से दावा किया गया है कि उसके लोकप्रिय चिप्स लेज के उत्पादन के लिये प्रयुक्त किये जाने वाले एफसी-5 किस्म के आलू से जुड़े ?कॉपीराइट कानूनों का किसानों ने उल्लंघन किया है। अहमदाबाद की एक वाणिज्यिक अदालत में चार आलू उत्पादकों के खिलाफ एक-एक करोड़ के दावे ठोके गये हैं। ये आलू उत्पादक गुजरात के साबरकांठा के वडाली गांव के हैं। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख चार जून तय की है और विवादित किस्म के आलू के उत्पादन और बि ी पर रोक लगाई है। अदालत ने फील्ड विजिट के लिये एक कमिश्नर भी नियुक्त किया है। कंपनी ने किसानों के सामने अदालत से बाहर समझौता करने का प्रस्ताव भी रखा था, जिसमें कंपनी की शर्तों के अनुपालन के साथ ही एफसी-5 किस्म के आलू के लिये किसान कंपनी से ही बीज खरीदेंगे और केवल कंपनी को ही बेचेंगे, न कि खुले बाजार में। जिस पर किसान सहमत नजर नहीं आ रहे हैं। निःसंदेह ये स्थितियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों की मनमानी और कॉरपोरेट खेती के खतरों के प्रति आगाह करती हैं। दरअसल, एफएल 2027 किस्म का आलू अमेरिका में 2003 में विकसित किया गया था, जिसे भारत में एफसी-5 के नाम से जाना जाता है। इस आलू को चिप्स की प्रोसेसिंग के अनुकूल विकसित किया गया है। जिसके लिये पेप्सिको कंपनी किसानों के साथ कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग करती है। कंपनी खास व्यास के आलू ही खरीदती है। इसके पेटेंट की अवधि के बाद ही किसान बिना इजाजत व रॉयल्टी के इसके बीज को इस्तेमाल कर सकेंगे। किसानों का आरोप है कि कंपनी आलू उत्पादन में एकछत्र राज स्थापित करने के लिये किसानों पर दबाव बनाने का काम कर रही है। इससे पहले भी वर्ष 2018 में गुजरात के अरवल्ली जिले के पांच किसानों के विरुद्ध भी बीस-बीस लाख के ऐसे मामले दर्ज किये गये थे। दरअसल, भोले-भाले किसानों को जब बीज दिये जाते हैं तो कंपनी की सभी शर्तों से अवगत नहीं कराया जाता। बीज भी उन तक सीधे कंपनी के बजाय बिचौलियों के माध्यम से पहुंचते हैं और उन्हें कंपनी के करार की खामियां नहीं बतायी जातीं। एक तरह से किसान और उनकी जमीन कंपनी की बंधक बनकर रह जाती है। वे बताते हैं कि कंपनी के प्रतिनिधि बिना उनकी अनुमति के उनके खेतों का मुआयना करते हैं।

# ड्रायवर ने खरीदा करोड़ों का विला, आयकर विभाग का छापा



**बेंगलुरु।** दो साल पहले तक ऑटोरिक्शा चलाने वाला शख्स जब करोड़पति बन गया और करोड़ों की कीमत का ट्रिपलेक्स विला खरीद लिया, तब सबकी आंखें खुली की खुली रह गईं। बेंगलुरु का निवासी शख्स इनकम टैक्स की रडार पर आ गया, और उसके घर पर छापा भी पड़ा।

यह किस्सा है कि नल्लूरल्ली सुब्रामणि (37) का, जिसने बेंगलुरु के वाइटफील्ड में एक करोड़ 60 लाख की कीमत का ट्रिपलेक्स विला खरीद लिया। गत 16 अप्रैल को जेटी द्वाराकामयी कम्युनिटी में स्थित घर में आयकर विभाग ने छापा मारा था। छापेमारी में करोड़ों की कीमत की जूलरी और प्रॉपर्टी डॉक्युमेंट्स बरामद किए गए।

एक अधिकारी ने बताया, हम जानकारी का खुलासा नहीं कर सकते हैं। यह छापेमारी भरोसेमंद जानकारी के आधार पर की गई। यह मामला बेनामी संपत्ति का लगता है। जांच अभी जारी है। कम्युनिटी के डिवेलपर को भी आयकर विभाग ने नोटिस जारी किया है। मैनेजिंग डायरेक्टर लक्ष्मी जेटी ने बताया, %हमारे पास जो भी जानकारी या डॉक्युमेंट्स थे, उसको अधिकारियों को सौंप दिया है। हम आगे की जांच के लिए भी तैयार हैं।

**अमेरिकी महिला की चैरिटी से बनाई प्रॉपर्टी**

हालांकि ऑटो ड्राइवर नल्लूरल्ली सुब्रामणि की इस कहानी में एक दिलचस्प मोड़ भी है। यह रोल है 72 साल की एक अमेरिकन महिला का। सुब्रामणि ने दावा किया है कि महिला की चैरिटी ही उसकी संपत्ति का सोर्स है। इसके साथ ही बात यह भी निकल कर सामने आ रही है कि नेता अपने अवैध धन को उसके पास रखते हैं, जिससे उसने प्रॉपर्टी तैयार कर ली।

मैनेजिंग डायरेक्टर लक्ष्मी जेटी ने बताया, सुब्रामणि 2013 में एक अमेरिकी महिला के साथ अपने ऑटो में आया और विला को किराए पर लेने की बात की। उसे 30 हजार रुपये मासिक के रेंट पर विला को किराए पर दे दिया। 2015 में ऑटो ड्राइवर ने विला को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई और 1.6 करोड़ रुपये की राशि को 10-10 लाख रुपये के 16 चेक के जरिए भुगतान किया।

# मैं गेंद को देखकर हिट करता हूं : धोनी



**चेन्नई (आरएनएस)।** महेंद्र सिंह धोनी की तेज पारी की बदौलत बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने यहां एम.ए चिदम्बरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 80 रनों से करारी शिकस्त दी। धोनी ने महज 22 गेंदों पर नाबाद 44 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को 179 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दिल्ली की टीम महज 99 रनों पर सिमट गई।

मैच के बाद धोनी ने कहा, मैं गेंद को देखता हूं और हिट करता हूं। मैं समझता हूं कि 20वें ओवर तक आप लगभग तैयार होते हैं और हर गेंद पर बल्ला घुमाते हैं। जो अभी-अभी बल्लेबाजी करने आया है उसके लिए ऐसा करना मुश्किल है, लेकिन 10 या 15 गेंदों का सामना कर चुके बल्लेबाज के लिए ऐसा करना आसान हो जाता है।

धोनी ने यह भी कहा कि पिच अच्छी थी और चेन्नई की टीम सम्मानजनक स्कोर बनाने में कमयाब रही। उन्होंने कहा, हमें पता था कि मैदान पर ज्यादा ओस नहीं होगी। एक बार जब हमने गेंदबाजी शुरू की तो भज्जी पा (हरभजन) को शुरुआत में ज्यादा टर्न नहीं मिली, लेकिन जैसे-जैसे वे विकेट खोते रहे, पिच थोड़ी धीमी हो गई और स्पिनर गेंदबाजों को अधिक टर्न मिला। मैंने महसूस किया कि यह एक अच्छा विकेट था जिस पर 170-180 का स्कोर बराबर था।

# ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने की फेड की घोषणा के बाद अमेरिकी शेयर बाजार गिरा

**न्यूयॉर्क (आरएनएस)।** मौद्रिक नीति को लेकर फेडरल रिजर्व की नवीनतम घोषणा के बाद अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, डाव जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 162.77 अंकों यानी 0.61 फीसदी की गिरावट के साथ 26,430.14 पर रहा।

एसएंडपी 500 सूचकांक 22.10 अंकों यानी - 0.75 फीसदी की कमजोरी के साथ 2,923.73 पर और नैस्डैक कंपोजिट सूचकांक 45.75 अंकों यानी 0.57 फीसदी की गिरावट के साथ 8,049.64 पर रहा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें घटाने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग को दरकिनार करते हुए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया।

# फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव



**वॉशिंगटन (आरएनएस)।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें घटाने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग को दरकिनार करते हुए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को शुरू हुई अपनी दो दिवसीय बैठक खत्म होने के बाद बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि फेड की नीति निर्माण समिति च्फेडरल ओपन मार्केट कमिटीज ने फेडरल फंड्स के लिए टार्गेट रेंज 2.25 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत पर ही कायम रखने का फैसला किया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, फेड ने बयान में कहा कि मार्च से श्रम बाजार में च्मजबूती बनी हुई हैज, जबकि पहली तिमाही में घरेलू खर्च और व्यापार में निश्चित निवेश में गिरावट दर्ज की गई है। इस बैठक से पहले ट्रंप ने मंगलवार को फेड द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि करने की फिर से आलोचना की थी और केंद्रीय बैंक से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरें कम करने का आग्रह किया था।

# गर्मियों की छुट्टी से पहले महंगा हो सकता हैं हवाई किराया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप भी फ्लाइट टिकट बुक कराने का प्लान कर रहे हैं तो ये जान लें की अब आपको हवाई यात्रा करने के लिए पहले से ज्यादा रुपए चुकाने होंगे. हवाई टिकट के दाम बढ़ने के पीछे ये हैं दो वजहें. पहला जेट एयरवेज संकट के बाद हवाई किरायों में वृद्धि हुई है. इसके साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट की वजह से तेल कंपनियों ने पीक सीजन में विमान ईंधन की कीमतों में 2.5 फीसदी इजाफा कर दिया है.

आपको बता दें कि एक किलोलीटर (1000 लीटर) एविएशन टरबाइन फ्यूल की दिल्ली और मुंबई में कीमत अब क्रमशः 65,067.85 और 65,029.29 रुपये होगी, जबकि पिछले महीने कीमत 63,472.22 और 63,447.54 रुपये थी.

जेट एयरवेज की सेवाओं में कमी और फिर 17 फरवरी को विमानन कंपनी का परिचालन अस्थायी रूप से ठप होने के बाद विमानों का किराया आसमान छूने लगा सरकार ने विमानन कंपनियों से अपील की है कि वे क्षमता विस्तार के जरिए हवाई यात्रा की कीमतों में कमी लाने में मदद करें.

एक्सपर्ट्स के मुताबिक एटीएफ में अगर उछाल आएगा तो इसका बोझ ग्राहकों पर ही डाला जाएगा. एयरलाइन कंपनियों के पास और कोई विकल्प नहीं है. अगर कंपनियां ऐसा नहीं करेंगी तो वह बर्बाद हो जाएंगी. एक्सपर्ट्स का मानना है कि ऑपरेटिंग कॉस्ट और हवाई किरायों में अंतर की वजह से ही भारत में इतनी एयरलाइंस कंपनियां डूब रही हैं. एयरलाइंस कंपनियां एक दशक से भी अधिक समय से इस बात की शिकायत कर रही हैं कि भारत एटीएफ की सर्वाधिक कीमत वाला देश है.

# अप्रैल में 17.2 फीसदी घटी मारुति सुजुकी की बिक्री




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को कहा कि अप्रैल में निर्यात समेत उसकी बिक्री में 17.2 फीसदी की गिरावट आई।

मारुति सुजुकी इंडिया के अनुसार, कंपनी ने बीते महीने में कुल 1,43,245 वाहन बेचे, जोकि पिछले साल के आलोच्य महीने के 1,72,986 के मुकाबले कम है। कंपनी की घरेलू बिक्री पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले इस साल अप्रैल में 18.7 फीसदी घट गई।

घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल से 19.6 फीसदी घटकर 1,31,385 रह गई, जबकि कंपनी ने आलोच्य महीने में 2,319 व्यावसायिक वाहन बेचे, जोकि पिछले साल की समान 50.2 फीसदी कम है। हालांकि निर्यात के मामले में अप्रैल में पिछले साल के मुकाबले 14.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी ने अप्रैल में 9,177 वाहनों का निर्यात किया, जबकि पिछले साल 8,008 वाहनों का निर्यात हुआ था।

# भारतीय टीम से बाहर होने के बाद मेरे फॉर्म में गिरावट आई : उमेश




**बेंगलुरू (आरएनएस)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज उमेश यादव का मानना है कि भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद से उनके फॉर्म में गिरावट आई है और इसका असर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके प्रदर्शन पर पड़ा है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किए गए उमेश ने कहा कि उनके लिए कुछ भी सही नहीं हो रहा है और बढ़ते दबाव से उनकी गेंदबाजी पर असर पड़ा।

उमेश ने राजस्थान रॉयल्स के साथ हुए मैच के बाद कहा, हर कोई कह रहा है कि मैं अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा हूं और ऐसा क्यों हो रहा है? क्योंकि पिछले दो वर्षो में मैंने घरेलू स्तर पर सभी प्रारूपों में खेलना जारी रखा लेकिन इसके बावजूद मैंने इतने वनडे या टी-20 मैच नहीं खेले। मुझे सिर्फ दो या तीन मैचों के लिए चुना जाता और फिर टीम से बाहर कर दिया जाता।

उन्होंने कहा, हर कोई सोच रहा है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे रहा हूं, लेकिन ऐसा नहीं है। ऐसा प्रत्येक तेज गेंदबाज के साथ होता है।उमेश ने माना कि पिछले छह मैचों में वह लय कायम करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसकी व्याख्या करना मुश्किल है क्योंकि यह हर गेंदबाज के जीवन का हिस्सा है। कभी कभी हमारे लिए दिन अच्छा या फिर बुरा होता है।

# पेट्रोल और डीजल के दाम घटे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल छह पैसे जबकि कोलकाता में सात पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है। वहीं, डीजल के भाव दिल्ली और चेन्नई में पांच पैसे जबकि कोलकाता और मुंबई में छह पैसे प्रति लीटर घट गए हैं।

पेट्रोल और डीजल के भाव घटने से आम उपभोक्ताओं को जरूर राहत मिलेगी क्योंकि एक दिन पहले तेल व गैस विपणन कंपनियों ने रसोई गैस सिलेंडर, विमान तेल व कैरोसीन के दाम बढ़ाकर उन्हें झटका दिया था। बुधवार को हालांकि पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

## आज का राशिफल

मेषः- बजट का ध्यान रखें। आज खर्च की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद के कारण तनाव हो सकता है।

वृषभः- आज का दिन आपके लिए शुभ है। कोई रुका हुआ कार्य जो आपका नहीं बन पा रहा हो, आज उसे पूरा करने का प्रयास करें सफल होंगे। आनंदित रहेंगे।

मिथुनः- दिन कुल मिलाकर अनुकूल है। कल जो आपका कार्य नहीं बना, वह आज बनने की संभावना हैं, कार्य की व्यस्तता बनी रहेगी, कार्यक्षेत्र में लाभ के योग हैं।

कर्कः- आज यात्रा का योग बना हुआ है। भाग्य का साथ मिलेगा। दिन शुभ और उन्नतिदायक है। बिगड़े कार्य बनने लगेंगे।

सिंहः- आज अपनी प्रिय वस्तु, मोबाइल आदि का ध्यान रखें, लापरवाही के कारण कोई चीज गुम हो सकती है, गुप्त शत्रु आज हानि पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

कन्याः- प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होने के कारण मन प्रसन्न रहेगा। नया कार्य, रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं तो दिन इस काम के लिए अच्छा है, सफलता मिलेगी।

तुलाः- आज का दिन धनदायक और आनंददायक है। शत्रुओं और विरोधियों का प्रभाव कम होगा। भाग्य प्रबल रहेगा, आय के नए साधन बनेंगे। प्रयास के अनुरूप सफलता मिलेगी।

वृश्चिकः- आज अपनी प्रतिभा का पूर्ण लाभ ले सकेंगे। नई योजनाएं लाभ देंगी, मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है। प्रेम प्रसंग में सफलता और आनंद प्राप्त होगा।

धनुः- क्रोध पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक वाद-विवाद से बचें। मन आज बेचैन हो सकता है, स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। खान-पान और वाणी पर संयम रखना जरूरी है।

मकरः- आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी, मनोबल बढ़ेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि का योग है, शुभ दिन है।

कुंभः- कहीं से धनागमन हो सकता है। धन निवेश भी कर सकते हैं, लाभ होगा, शेयर आदि में भी धन का निवेश आज लाभदायक रहेगा।

मीनः- आज आप अपने प्रयास से काम में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाने का विचार हो सकता है।

## दही कचूमर बनाने की विधि...



**सामग्रीः**

500 ग्राम दूध
1 चम्मच दही (जामन)
1 खीरा ककड़ी
1 टमाटर
1 प्याज 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
1/4 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
1/4 चम्मच हींग
1/2 जीरा
बारीक कटी हरी मिर्च
नमक स्वाद अनुसार
हरा धनिया बारीक कटा हुआ
1 चम्मच घी

**विधिः**

सबसे पहले आप दूध को उबाल कर ठंडा कर ले। अब दही का जामन डाल कर गरम जगह पर ढककर 5-6 घंटे रख दे। फिर दही के जम जाने पर एक मलमल के कपड़े मे बाध कर आधा धंटा टांग दे। अब आधी सब्जिया बारीक काट ले आधी का सलाद काट ले इसके बाद दही को फेटकर बारीक कटी सब्जिया और नमक डाले। अब तड़का पेन मे घी गरम करे जीरा चटकाए,हीग,हल्दी, हरी मिर्च डालकर दही मे तड़का लगा दे। फिर तड़के के उपर लाल मिर्च बुरक दे और हरे धनिया से सजा कर सर्व करे।


## शब्द सामर्थ्य-52

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू-52

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |